तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार, 11 नवंबर 2025

11 पर्यटन, रोजगार एवं मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण ...



12 निगम में संपत्तियों का डिजिटल नक्शा तैयार





## खबर संक्षेप

### नन्हे सितारे चमकेंगे अपनी प्रतिभा के साथ



- बाल दिवस पर नन्हे बच्चों की प्रतिभा को मिलेगा मंच

**धमतरी।** जिला प्रशासन एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा बाल दिवस के अवसर पर धमतरी के नन्हे सितारे कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 6 वर्ष तक के नन्हे बच्चों की प्रतिभा को पहचानना और उन्हें मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम में पेंटिंग, नृत्य, गायन जैसी प्रतियोगिताओं के साथ अन्य विशिष्ट प्रतिभा वाले बच्चे भी भाग ले सकेंगे। आयोजन तीन चरणों में होगा। आंगनबाड़ी स्कूल स्तर पर 11 नवंबर, सेक्टर स्तर पर 12 एवं 13 नवंबर, परियोजना स्तर पर 14 नवंबर को होगा।

### पेंशनरों की मासिक बैठक 12 को

**जीजामगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा की मासिक बैठक 12 नवंबर बुधवार को दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। इस दौरान जन्म दिवस बधाई सम्मान एवं अन्य विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। पेंशनरों से वार्षिक शुल्क के साथ उपस्थिति देने की अपील की गई है।

### सर्व आदिवासी समाज की बैठक 12 को

**अंवरी।** सर्व आदिवासी समाज की बैठक 12 नवम्बर को दोपहर 3 बजे आदिवासी सामुदायिक



भवन कुरूद में रखी गई है जिसमें भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं 10 दिसंबर को शहीद वीर नारायण सिंह का श्रद्धांजलि कार्यक्रम, राजाराव पठार में 8, 9, 10 दिसंबर को होने वाले वीर मेला कार्यक्रम की तैयारी पर चर्चा की जायेगी। बैठक की अध्यक्षता जीवराखन लाल मराई करेंगे। यह जानकाी तहसील अध्यक्ष देवनाथ नेताम ने दी।

### पठार के पास अचेत मिला अधेड़, मौत



**धमतरी।** राजाराव पठार के पास एक अज्ञात अधेड़ घायल हालत में अचेत पड़ा मिला। अस्पताल लाये जाने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात्रि पुरूर थाना क्षेत्र के राजाराव पठार के पास नेशनल हाईवे किनारे एक अधेड़ व्यक्ति घायल हालत में अचेत पड़ा था। उसके सिर, सीना, हाथ, कमर, पीठ व घुटनों में चोट के निशान थे। हाईवे पेट्रोलिंग की टीम ने अधेड़ को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्ति नहीं हो पाई है। चौकी पुलिस शव को मर्रच्यूरी में शिफ्ट कर मृतक की शिनाख्ति का प्रयास कर रही है। मृतक कमर में गमछा लपेटा हुआ था। उसकी उम्र लगभग 40 है। शरीर पर चोट के निशान है। बताया जाता है कि पठार के पास नेशनल हाईवे में कोई अज्ञात कार ठोकर मारकर फरार हो गई है।

---

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश ने साय सरकार पर साधा निशाना

# राज्य में कानून व्यवस्था चरमराई, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने साय सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। यह सरकार किसानों की समस्याओं को सुलझाने में नाकाम साबित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासन में छत्तीसगढ़ "अपराधगढ़" बन गया है और पुलिस वसूली में व्यस्त है।

सोमवार को बस्तर जाते वक्त पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोहरसी स्थित सर्किट हाउस में रुके, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने कहा कि साय सरकार किसानों का धान खरीदना नहीं चाहती। न तो टोकन जारी हो रहे हैं और न ही सहकारी समितियों के आंदोलनरत मुद्दों पर कोई पहल की जा रही है। एग्रीस्टेक में रजिस्ट्रेशन न होने से लाखों किसान धान बेचने से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष का धान अभी भी संग्रहण केंद्रों में पड़ा है और राइस मिलरों को सड़ा हुआ धान खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

भूपेश बघेल ने कहा कि उनकी सरकार के समय धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारू और पारदर्शी थी, जबकि वर्तमान भाजपा सरकार किसानों को परेशान कर रही है। उन्होंने बिजली बिल के मामले में कहा कि भाजपा सरकार के दो साल भी पूरे नहीं हुए और तीन बार बिजली बिल बढ़ा दिए गए हैं। उपभोक्ताओं को आधी बिजली दी जा रही है लेकिन पूरा बिल वसूला जा रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने शिक्षा व्यवस्था की दुर्दशा पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पांच महीने बीत जाने के बाद भी स्कूलों में किताबें नहीं बंटी हैं। धमतरी जिले के एक शिक्षक ने इस विषय को फेसबुक पर उठाया तो उसे निलंबित कर दिया गया। श्री बघेल ने कहा कि बच्चों से यह अन्याय है। बिना किताब के वे पढ़ाई कैसे करेंगे ?

श्री बघेल ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्हें विभाग की जिम्मेदारी दी गई है, वे उसे ठीक से निभा नहीं पा रहे हैं। उन्हें यह देखने की चिंता करनी चाहिए कि जनता की टंकियों में पानी आ रहा है या नहीं, न कि रिश्तेदारों के कार्यक्रमों में लाखों रुपये खर्च करने की। अमित बघेल प्रकरण पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और मंत्रियों को बताना चाहिए कि ऐसे मामलों पर सरकार चुप क्यों है। महापुरुषों का अपमान कर समाज को बांटने की कोशिश की जा रही है और सरकार चुपचाप देख रही है। भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा सरकार बदले की राजनीति कर रही है। खाद, बिजली, शिक्षा, विकास हर क्षेत्र में ठहराव है। पंचायतों और नगरीय निकायों में कोई काम नहीं हो रहा। बिहार की राजनीति पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि वहां परिवर्तन की लहर चल रही है। लोग शिक्षा, रोजगार और विकास चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह सिर्फ घुसपैठियों और धर्म के नाम पर राजनीति कर रहे हैं।

भूपेश बघेल के स्वागत के दौरान धमतरी विधायक ओंकार साहू, बालोद विधायक संगीता सिन्हा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, पूर्व महापौर विजय देवांगन, जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर, निगम नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, हरमिंदर छाबड़ा, आनंद पवार, आकाश गोलछा, सुमन मेश्राम, योगेश शर्मा, सूर्यप्रभा चेटियार, राजा देवांगन, हितेश गंगबीर, नरेंद्र सोनवानी, गीतराम सिन्हा, राकेश मौर्य, होमेश्वर साहू, यश राजपूत, संजू साहू, वातांजलि गोस्वामी सहित अनेक कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

### भूपेश के कार्यकाल में सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ : रामू

पूर्व प्रदेश महामंत्री भाजपा, महापौर जगदीश रामू रोहरा ने कहा कि 5 साल भूपेश बघेल की सरकार थी। उनके कार्यकाल में छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन चुका था। उन्होंने सिर्फ भ्रष्टाचार का काम किया। विष्णुदेव की सरकार बनने के बाद किसानों को बोनस तत्काल और एकमुश्त दिया जाता है। भूपेश बघेल ने तो चार किस्तों में भी पूरा पैसा नहीं दिया। भूपेश बघेल की इतनी ही लोकप्रियता थी तो उन्हें जनादेश क्यों नहीं मिला।



---

# प्रदेश की सहकारी समितियों में बढ़ा विवाद

- 12 को धमतरी में उपायुक्त सहकारिता कार्यालय का घेराव करेंगे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश की सहकारी संस्थाओं में बढ़ती असंतुष्टि अब आंदोलन का रूप लेने जा रही है। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ एवं छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के पदाधिकारियों ने राजधानी रायपुर में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया कि 12 नवंबर को पूरे प्रदेश के सहकारी समिति कर्मचारी धमतरी पहुंचकर उपायुक्त सहकारिता कार्यालय का घेराव करेंगे।

बैठक में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आदेश को लेकर नाराजगी जताई गई। महासंघ ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई आवाज को दबाने और कर्मचारियों की एकजुटता तोड़ने के उद्देश्य से की गई है। संगठन ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया।

बैठक के बाद प्रदेश महासचिव ईश्वर श्रीवास ने बताया कि पिछले कई महीनों से कर्मचारियों की मांगों को लेकर शासन से लगातार चर्चा हो रही है, लेकिन कोई ठोस परिणाम नहीं निकला। सरकार ने अब तक कर्मचारियों की समस्याओं पर सकारात्मक पहल नहीं की। उल्टा हमारे प्रदेश अध्यक्ष पर प्रकरण दर्ज करवाने के निर्देश देकर असंतोष को और बढ़ा दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धमतरी जिले की ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित छाती संख्या 650 के प्रबंधक नरेंद्र कुमार साहू पर शासन के निर्देश पर एफआईआर दर्ज करने की तैयारी की गई है। उप आयुक्त सहकारिता कार्यालय की रिपोर्ट में कहा गया है कि निरीक्षण के दौरान समिति बंद पाई गई और प्रबंधक द्वारा सहयोग न करने से शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। इसमें यह भी उल्लेख है कि प्रबंधक ने हड़ताल के नाम पर चाबी सौंपने से इंकार किया था, जिससे एग्रीस्टेक पंजीयन, रबी ऋण वितरण और धान खरीदी जैसी योजनाओं की तैयारी प्रभावित हुई।

महासंघ का कहना है कि अधिकारी कर्मचारियों को दबाव में लेकर आंदोलन रोकने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब पूरा प्रदेश एकजुट है। संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर 12 नवंबर तक कार्रवाई वापस नहीं ली गई तो राज्यव्यापी आंदोलन की घोषणा की जाएगी।

---

# शिक्षिका के बाद अब कॉलेज छात्रा से लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





- लोहरसी अंडरब्रिज की घटना

पीजी कालेज जा रही साइकिल सवार छात्रा से बाइक सवार अज्ञात लुटेरे उसका बैग लूटकर फरार हो गए। बीते तीन दिनों में लूट की यह दूसरी घटना है।

मिली जानकारी के अनुसार तीन दिन पहले शहर के घड़ी चौक के पास स्कूटी सवार एक शिक्षिका से बैग लूटने की घटना हुई थी। हालांकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को बाइक सहित गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है, लेकिन पुलिस द्वारा लूट के आरोपी को गिरफ्तार किए अभी चौबीस घंटे नहीं बीता था कि सोमवार की सुबह लोहरसी ओव्हरब्रिज के पास एक और लूट की वारदात हो गई।

इस घटना में बाइक सवार अज्ञात आरोपी पढ़ाई करने पीजी कालेज जा रही साइकिल सवार छात्रा को टारगेट कर दिनदहाड़े उसका बैग लूटकर फरार हो गए। पीड़ित छात्रा ने मीडिया को बताया कि वह ग्राम खपरी की रहने वाली है। ग्राम खरतुली में नानी घर रहकर बीसीएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एमएससी की पढ़ाई कर रही है। सोमवार की सुबह साइकिल के करियर में अपना बैग रख पढ़ाई करने कालेज जा रही थी। साइकिल चलाते वह लोहरसी अंडरब्रिज के पास से गुजर रही थी। इसी दौरन पीछे से आ रहे बाइक सवार दो युवक अचानक सामने आकर कैरियर में रखे बैग को लूटकर भाग गए। बैग में 2500 रुपए, डाक्यूमेंट, अंकसूची, मोबाइल सहित अन्य सामान थे।

छात्रा ने साइकिल से लुटेरों का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन बाइक सवार लुटेरे फरार हो गए। छात्रा ने रास्ते में एक महिला को घटना की जानकारी दे उसके मोबाइल से पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल मौके पर पहुंच जांच शुरु कर दी। घटनास्थल के पास में स्थित एक घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली गई जिसमें अज्ञात लुटेरों को बेनकाब करने अहम सुराग पुलिस के हाथ लगे हैं।

### बाईपास ओव्हरब्रिज बना असामाजिक तत्वों का अड्डा

श्यामतराई से संबलपुर तक बाईपास में तीन से अधिक जगह अंडरब्रिज बना हुआ है। इस ब्रिज के नीचे देर रात तक नशेड़ियों व असामाजिक तत्वों का जमघट लगा रहता है। यहां पर अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से की जाती है। वहीं नशेड़ी शराब व अन्य नशा कर दिनभर अड्डेबाजी करते रहते हैं। शहर के आउटर में होने के कारण यहां पुलिस का फेरा नहीं लग पाता है।

---

# 16.80 क्विंटल अवैध धान जब्त किया

- उड़दस्ता दल ने भखारा कोलियारी में की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य 15 नवंबर से 31 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान कोचियों, बिचौलियों द्वारा पड़ोसी राज्यों, अंतर जिलों से धान लाकर खरीदी केन्द्रों में विक्रय करने एवं धान के अवैध संग्रहण, परिवहन रोकने तहसील स्तरीय उड़दस्ता दल गठित किया गया है।

भखारा के अजय कुमार एवं ग्राम कोलियारी के वासुदेव साहू के प्रतिष्ठान की राजस्व विभाग खाद्य विभाग, कृषि विभाग एवं कृषि उपज मंडी के अधिकारियों ने आकस्मिक जांच की। जांच में भखारा में अजय कुमार के यहां 12.80 क्विंटल एवं वासुदेव साहू ग्राम कोलियारी में 4 क्विंटल अवैध धान का भण्डारण करते पाया गया। इस पर दोनों फर्म, संचालकों के विरूद्ध मंडी अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर कुल 16.80 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है।



---

# सरपंचों ने मांगा 30 हजार रुपए मानदेय

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सरपंच संघ नगरी ने 30 हजार रूपये मानदेय सहित पांच विषयों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सरपंच संघ के साथ सभाकक्ष में बैठक कर उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना और उनकी समस्यों को शासन के समक्ष रखने तथा त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। सोमवार को नगरी तहसील के 102 पंचायतों के सरपंच ने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी मांगों से अवगत कराते हुए कहा कि पंचायतों को मिलने वाले 15वें वित्त तथा मूलभूत राशि नहीं मिलने से गांव में विकास कार्य ठप है। उक्त राशि पंचायतों को शीघ्र प्रदान की जाए। सरपंच और पंच के मानदेय में वृद्धि की मांग करते हुए कहा कि सरपंचों को मात्र 4 हजार रूपये मासिक मानदेय मिलता है जबकि पंचायतों के चपरासी को 6 हजार रूपये मासिक मानदेय दिया जाता है। संघ ने सरपंचों को मासिक मानदेय 30 हजार रूपये व बीमा कराने की मांग की है। उनका कहना है कि सरपंचों को पंचायत के विभिन्न कार्यों के लिए जिला तथा ब्लाक मुख्यालय आना- जाना पड़ता है। देर रात तक आने-जाने के दौरान घटना दुर्घटना की आशंका बनी रहती हैं। उन्होंने सरपंचों का बीमा कराने की मांग उठाई है। सरपंच के 5 साल के कार्यकाल के बाद उन्हें पेंशन राशि देने, किसी भी कार्य की स्वीकृति ठेकेदारों को न दी जाए। जिला पंचायत से जनपद तथा पंचायतों को सभी कार्यों की सूची शीघ्र दिलाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अध्यक्ष उमेश देव, महासचिव नरेश कुमार मांझी, कोषाध्यक्ष उत्तम सिंह नेताम, राधेश्याम नेताम, रेमंत शांडिल्य, नमीता सोम, रोमी सोम, अरूण कोर्राम, संत मरकाम, नागेन्द्र बोरझा, कन्हैयालाल नाग, यशवंत मंडावी, संतोष कुमार कुंजाम, कलेन्द्री कश्यप, अंजना ध्रुव, उषा नेताम, शत्रुघन नाग, केशव टेकाम, रोहन मरकाम, रीना नेताम मौजूद थे।



सरपंच संघ नगरी ने पांच विषयों पर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

---

मगरलोड जनपद पंचायत में शिक्षाकर्मी भर्ती का मामला

# शिक्षाकर्मी फर्जीवाड़ा में प्रधानपाठक की अग्रिम जमानत हुई खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जनपद पंचायत मगरलोड में शिक्षाकर्मी भर्ती फर्जीवाड़ा 2007 के मामले में प्रधानपाठक गैंदलाल साहू की अग्रिम जमानत खारिज हो गई है। उल्लेखनीय है कि शिक्षाकर्मी वर्ग 3 भर्ती वर्ष 2007 जनपद पंचायत मगरलोड की भर्ती प्रक्रिया में जमकर फर्जीवाड़ा हुआ था जिसका खुलासा आरटीआई कार्यकर्ता कृष्णकुमार साहू ग्राम चंदना ने सूचना के अधिकार के तहत किया।

शिकायत पर जांच उपरांत करीब 16 माह बाद धमतरी पुलिस की एसआईटी कमेटी ने कार्रवाई तेज कर दी है। शिक्षाकर्मी भर्ती मामले में लगभग 140 पदों पर कूटरचित योग्यता प्रमाण पत्र, अमान्य प्रमाण- पत्र, एनसीसी, स्काउट गाइड प्रमाण- पत्र, खेल, अनुभव, डीएड, फर्जी विकलांग सर्टिफिकेट का उपयोग किया गया था।

सोमवार को शिक्षाकर्मी भर्ती 2007 जनपद पंचायत मगरलोड मामले में बेलौदी शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक गैंदलाल साहू के अग्रिम जमानत आवेदन को जिला सत्र न्यायालय धमतरी के न्यायाधीश रामकुमार तिवारी ने खारिज कर दिया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता श्री झा एवं शासन की ओर से मनोहर लाल क्षत्री तथा प्रार्थी कृष्णकुमार साहू का पक्ष जानने के पश्चात अग्रिम जमानत निरस्त किया गया।

### फरार अवधि में मेडिकल अवकाश की विडंबना

कानून की लचर व्यवस्था का लाभ आरोपी खूब उठा रहे हैं। आरोपित शिक्षक अग्रिम जमानत का लाभ लेने स्कूल में मेडिकल अवकाश की अर्जी लगाकर भूमिगत हो जाते हैं। उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत मिलने के बाद पुनः फिटनेस प्रमाण पत्र जमाकर स्कूल की ड्यूटी फिर से शुरु कर देते हैं। फरार अवधि में मेडिकल एवं अन्य अवकाश का लाभ किसी विडंबना से कम नहीं है।

---

गंदगी व दुर्गंध से परेशान हो रहे लोग, समस्या का समाधान करने अस्पताल प्रबंधन ने लिखा पत्र

# अस्पताल परिसर में बगुला पक्षियों के कारण रेस्पिरेटरी सिंड्रोम का खतरा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिला अस्पताल परिसर की पार्किंग में स्थित पेड़ों पर बगुला पक्षियों के बसेरा होने से श्वांस संबंधित रोग का खतरा बढ़ गया है। वहीं गंदगी व बदबू से अस्पताल सहित आने वाले लोग परेशान हैं।

जिला चिकित्सालय परिसर की पार्किंग में स्थित पेड़ों पर बीते 6 माह से बगुला पक्षियों ने बसेरा बनाया हुआ है। पक्षियों ने इन पेड़ों पर घोंसला बनाकर अण्डे दिए हैं। पेड़ों पर बैठे सैकड़ों पक्षियों के मल त्यागने से पार्किंग में बने शेड व जमीन सफेद हो गई है। लोग इन पेड़ों के बीच से गुजरने से डरने लगे हैं। वहीं कई लोग इसके बीट की चपेट में भी आ चुके हैं। अस्पताल पहुंचने वाले लोग व स्टाफ शेड के नीचे अपने वाहन को पार्किंग करने से कतराने लगे हैं जिसके कारण अस्पताल परिसर में हमेशा दुर्गन्ध फैली रहती है। गंदगी व असहनीय बदबू के कारण लोग परेशान हो गये हैं। कुछ लोगों को असहनीय बदबू के कारण उल्टी करते देखा गया है। पार्किंग के बाजू में स्थित ओपीडी भवन में बदबू के कारण रूक पाना मुश्किल है। मौसम में नमी व बारिश होने पर यह बदबू असहनीय हो जाती है।

जानकारों का कहना है कि बगुला एक तरह से जली पक्षीय है। इससे पक्षी जनित वायरस बर्ड फ्लू, कोरोना रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम (श्वांस संबंधी रोग) होने का खतरा बना रहता है जो सीधा फेफड़ों में असर करता है। इस समस्या का हल किसी को समझ नहीं आ रहा है। घोंसलों में अण्डे व चूजे होने के कारण कोई नहीं छेड़ रहा है। इसका समाधान करने अस्पताल प्रबंधन ने दो से तीन बार वन विभाग से पत्राचार कर चुका है लेकिन विभाग की तरफ से अब तक किसी प्रकार का जवाब अस्पताल को नहीं मिला है।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### वंदे मातरम स्मरणोत्सव का लाइव प्रसारण देखा

**नगरी।** ग्राम सांकरा में वंदे मातरम का स्मरण उत्सव का लाइव प्रसारण हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को संबोधित किया। कार्यक्रम के तहत नगरी ब्लाक के ग्राम पंचायत सांकरा के सभाहाल में यह लाइव प्रसारण देखा गया। मौके पर जनपद सभापति नगरी राजेश गोसाईं, सरपंच नागेन्द्र बोरझा, मंडी अध्यक्ष सांकरा गिरवर भंडारी, सचिव मदन सेन, वार्ड पंच बल्लू साहू, मनोज पटेल, पंचायत कर्मचारी ईश्वर मत्स्यपाल, रूपेश पटेल उपस्थित थे।

### खपरैल युक्त सीलनभरे घर से मिली निजात

**कांकेर।** नियद नेल्लानार योजना के तहत चयनित क्लस्टर ग्राम पानीडोबीर में शासन की विभिन्न योजनाएं अपने पैर पसारने लगी हैं। कभी संवेदनशील माने जाने वाले इस गांव में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित हो रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इसी ग्राम की सुखबती जो कभी कच्चे खपरैल युक्त सीलन भरे घर में जीवन गुजारने विवश थी। आज पक्के आवास का सपना अब मूर्तरूप ले चुका है। माओवाद प्रभावित ग्रामों के ग्रामीणों को शासन की योजनाओं के लाभ दिलाने के उद्देश्य से राज्य शासन ने नियद नेल्लानार योजना शुरू की है। इस योजना के तहत विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पक्के आवास स्वीकृत कर ग्रामीणों को लाभ दिया जा रहा है।

### मानव सेवा समिति का मानसगान 24 से

**भानुप्रतापपुर।** मानव जागृति सेवा समिति की बैठक 8 नवंबर को हुआ। बैठक में निर्णय लिया गया कि 24, 25 और 26 दिसंबर को मानस गान सम्मेलन, प्रवचन तथा झांकी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 24 दिसंबर को विभिन्न मानस मंडलियों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी, वहीं 25 और 26 दिसंबर को प्रसिद्ध प्रवचनकर्ता कामता प्रसाद शरण द्वारा दोपहर 1 बजे से प्रवचन होगा। प्रतिदिन संध्या आरती के पश्चात भव्य झांकी की प्रस्तुति भी की जाएगी। यह जानकारी समिति अध्यक्ष त्रिभुवन शंकर यादव से मिला।

### जिपं चारामा में प्लेसमेंट कैंप 11 से 20 तक होगा

**चारामा।** जनपद पंचायत चारामा में 11 से 20 नवंबर तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजको द्वारा कुल 500 रिक्तयो पर भर्ती लिया जाएगा। सिक्यूरिटी गार्ड के लिए इच्छुक आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैंप मे उपस्थित होकर संपूर्ण बायोडेटा के साथ आवेदन पत्र जमा कर सकते है। प्राप्त आवेदनो के आधार पर प्राथमिक चयन कर साक्षात्कार लिया जाएगा।

### दफ़्तर में ताला भटक रहे किसान

**बकावंड।** विकासखंड बकावंड मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय के अभिलेखागार में ताला लटका रहता है । जबकि कार्यालय 10 से 5 बजे तक खुला रहना चाहिए। पंचायत के किसान एवं भूमि स्वामी अपने राजस्व रिकॉर्ड संबंधी दस्तावेजों के लिए घंटों इंतजार कर आवेदन प्रस्तुत करते हैं। लेकिन दुर ग्रामों से आए ग्रामीणों को कार्यालय बंद देखकर परेशानी का सामना करना पड़ता है । ग्रामीणों ने बताया कि 4 बजे कार्यालय में अक्सर ताला लगा रहता है ।

## निधन

### घुरई बाई सिन्हा



**मगरलोड।** ग्राम राजपुर निवासी श्रीमती घुरई बाई सिन्हा उम्र 85 वर्ष का 9 नवंबर को निधन हो गया। वे दिलीप सिन्हा, भगवंत सिन्हा, राजकुमार, निर्मल सिन्हा की मां तथा दिनेश, दोनेश्वर, सोमनाथ, लेखराम, उमेश, नेहरू, भीखम, कैलाश, कुलेश्वर, पवन सिन्हा की दादी थी। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

---

अध्यक्ष ज्योति की अगुवाई में हुई नपा कुरुद की प्रथम परिषद की बैठक

# सर्वसुविधायुक्त 500 सीट वाला ऑडिटोरियम बनाने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नगर पंचायत कुरुद सें नगरपालिका बनने के बाद प्रथम परिषद की बैठक में नगर उत्थान एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा-परिचर्चा कर प्रस्ताव पारित किया गया। सर्वसम्मति से वार्ड क्रमांक 14 वीर सावरकर संकुल में 500 सीट वाला सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम भवन के लिए विधायक अजय चंद्राकर की अनुशंसा से शासन को



राशि मांगने का निर्णय लिया गया।

सोमवार को नपा कुरुद के सभाकक्ष में अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर की अगुवाई में नई परिषद के कार्यकाल की तीसरी एवं नगर पालिका की प्रथम परिषद बैठक आहूत की गई। बैठक में 19 बिंदुओं वाली नगर विकास के एजेण्डो में विकास कार्यों के प्रस्ताव भेजने, वार्ड 14 वीर सावरकर संकुल मे 500 सीट वाला सर्व सुविधा युक्त ऑडिटोरियम भवन के लिए विधायक की अनुशंसा से शासन को राशि मांग के लिये निर्णय, बस स्टैण्ड के बाजू में 21 दुकानों की नीलामी का अनुमोदन, नगर को सुंदर बनाने संबंधी विभिन्न विकास कार्यों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

बैठक के शुभारम्भ पर राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम की 150 वीं वर्षगांठ पूरी होने पर कुरूद नगरवासियों की ओर से राष्ट्रीय गीत गाकर वन्देमातरम का वंदन-अभिनंदन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर, उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर, नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, सभी विभागों के सभापति, पार्षदगण, नपा सीएमओ गुप्ता, इंजीनियर साहू एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

### पुरानी नीलामी निरस्त, 7 दुकानों की फिर लगेगी बोली

बैठक में सात दुकानों की नीलामी जो बाजार भाव से कम में होने के कारण सभी पार्षदों-अध्यक्ष की अनुमति से इसे निरस्त कर पुनः नीलामी के लिए सर्वसम्मति से परिषद बैठक में निर्णय लिया गया। इसके साथ ही नगर के प्राप्त आवेदनों में भवन-दुकानों की नामांतरण, प्राप्त आवेदनों में जाति सत्यापन सहित नगर के प्रमुख व्यावसायिक जगह बाईपास रोड एवं नेशनल हाईवे में नगर पालिका की ज़मीन में दुकान नीलामी-निर्माण संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय किये गये। नगर की सभी रिक्त जगहों में विद्युत व्यवस्था के लिए शासन से राशि मांग पत्र भेजे जाने, विभिन्न वार्डों में रोड-नाली निर्माण के लिए शासन से मांग पत्र हेतु निर्णय किया गया।

---

# अरौद डुबान के किसान महापौर से मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत अरौद डुबान के पंजीकृत किसानों ने नगर निगम महापौर रामू रोहरा को ज्ञापन सौंपते हुए धान खरीदी हेतु वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

किसानों ने बताया कि उनका धान उपार्जन केन्द्र मोंगरागहन (सहकारी समिति बारगांव) में स्थित है, जो उनके ग्रामों अरौद, पटौद, हरफर, बरबांधा, सिलतरा, कलारबाहरा, पाहारियाकोन्हा, पटेलगुड़ा, किशनपुरी, उरपुटी और कान्दरी से लगभग 30 से 40 किलोमीटर की दूरी पर है। इस कारण किसानों को अपने धान को उपार्जन केन्द्र तक पहुंचाने में अत्यधिक कठिनाइयों और परिवहन व्यय का सामना करना पड़ता है।



धान खरीदी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग

किसानों ने बताया कि पूर्व वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्राम पंचायत अरौद डुबान के आश्रित ग्राम पाहारियाकोन्हा एवं पटेलगुड़ा में धान खरीदी की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, ताकि किसानों को सुविधा हो और खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। महापौर रामू रोहरा ने किसानों की मांग को गंभीरता से लेते हुए कहा कि किसानों की समस्या पूरी तरह वाजिब है और इस दिशा में शीघ्र ही आवश्यक पहल की जाए और धान ख़रीदी के लिए समुचित व्यस्था उपलब्ध कराई जाए। इधर अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि सारी व्यवस्था समय पर कर लेंगे। ज्ञापन देने के दौरान ग्राम पंचायत अरौद डुबान के सरपंच एवं पंजीकृत किसान तुशलराम, दशरथराम, रामप्रसाद सहित अनेक किसान मौजूद थे।

---

# शिक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने 33 शिक्षा प्रहरी बनाए गए

- पंचायत के ग्यारह वार्डों के लिए वार्ड पंचों को दी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

सेजेस सिंगपुर में शिक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए लगातार प्रयास जारी है। अब इस दिशा में एसएमडीसी एवं पंचायत की संयुक्त बैठक में बच्चों की शिक्षा व्यवस्था की बेहतरी के लिए शिक्षा प्रहरी की नियुक्ति की गई है।

संयुक्त बैठक में यह मुद्दा प्रमुखता से उठा कि स्कूल गांव के लिए है। बच्चे भी गांव के हैं अतः पहल भी गांव के लोगों को करनी चाहिए। विद्यालय के शिक्षकों की तुलना में पालकों को बच्चों की शिक्षा के लिये और भी प्रयास करने की जरूरत है। इसके लिए पंचायत के ग्यारह वार्डों के लिए




वार्ड पंचों को जिम्मेदारी दी गई। वार्ड पंच अपने वार्ड से दो अन्य पालक की नियुक्ति शिक्षा प्रहरी के रूप में किये हैं। इस तरह से तैंतीस शिक्षा प्रहरी रात्रि में बच्चों की शिक्षा की निगरानी करेंगे।

गांव में यह बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि स्कूली बच्चे शाम को हर हाल में सात बजे तक अपने घरों में वापस आएंगे। पालक बच्चों के साथ बैठकर गृह कार्य कराने में मदद करेंगे। गृह कार्य के होते तक घर का टीव्ही, मोबाइल बंद रहेंगे। इधर नियुक्त शिक्षा प्रहरी अपने -अपने वार्डों में स्कूली बच्चों के घर- घर जाकर बच्चों की पढ़ाई की निगरानी करेंगे। बच्चे पढ़ लिख रहे हैं कि नहीं, पालक बच्चों के पास बैठे हैं कि नहीं, टीव्ही मोबाइल बंद है कि नहीं आदि बिंदुओं पर पंचायत एवं एसएमडीसी को संयुक्त रूप से प्रतिवेदन देंगे। सेजेस सिंगपुर की ओर से शिक्षा प्रहरियों को प्रतिवेदन लेखन हेतु कापी एवं पेन वितरित की गई। इन शिक्षा प्रहरियों के साथ माह में दो बार विद्यालय के शिक्षकों के साथ बैठक का निर्णय भी लिया गया।

इस बैठक में सरपंच लोमेश्वर साहू, उपसरपंच ज्योति तिवारी, एसएमडीसी अध्यक्ष धनन्जय साहू, विष्णु निर्मलकर, राधेलाल सिन्हा, अयूब खान रिजवी, रहबर अली, सफीना बानो, सुनीता ध्रुव, फणीश गंगासागर, इकरामुद्दीन खान, विधायक प्रतिनिधि इशहाक खान, अनिल सेन सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इधर एसएमडीसी एवं पंचायत की इस पहल की सराहना सेजेस के प्राचार्य डॉ. व्हीपी चन्द्रा एवं सभी शिक्षकों ने की है।

---

# भाजपा नगरी मंडल में एसआईआर पर हुई कार्यशाला

- कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

भारतीय जनता पार्टी नगरी मंडल के ग्राम सांकरा स्थित देवी मंदिर प्रांगण में रविवार को मंडल स्तरीय बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य एसआईआर यानी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के संबंध में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को समझाना था।

अतिथि पूर्व विधायक पिंकी शाह, मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जनपद उपाध्यक्ष





हृदयलाल साहू, जिला मंत्री दिनेश्वर नेताम, जिला कार्यकारिणी सदस्य सती मरकाम, महामंत्री रूपेंद्र साहू, किसान मोर्चा जन्मेजय साहू थे।वक्ताओं ने बताया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वंदे मातरम् गीत को समर्पित यह कार्यशाला शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देशानुसार आयोजित की गई।

कार्यशाला में लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सूची पुनरीक्षण की रूपरेखा पर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई ताकि अधिक से अधिक मतदाताओं का नाम सूची में सही रूप से दर्ज हो सके। अतिथियों ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर सक्रिय रहना होगा और मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाना होगा।

इस अवसर पर गंगाराम साहू, सुलोचना साहू, गिरवर भंडारी, सुंघर साहू, पवन साहू, हेमलता साहू, नीलंबर साहू, अमृत साहू, मनोज साहू, भानु पटेल, लक्षेश शांडिल्य, वीरेंद्र शांडिल्य, सुरेश कुमार कश्यप सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन मनीराम साहू तथा आभार प्रदर्शन मलतीन पुजारी ने किया।

---

# एसआईआर कार्य का एसडीएम तहसीलदार ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

उप जिला अधिकारी एवं तहसीलदार ने सिहावा क्षेत्र में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर 2025-26) अंतर्गत बीएलओ एवं सुपरवाइजरों द्वारा किए जा रहे गिनती पत्रक वितरण और बीएलओ ऐप में डाटा अपलोड कार्य का फील्ड निरीक्षण किया । इस दौरान अधिकारियों ने स्थल पर जाकर कार्य की प्रगति देखी और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसी क्रम में एसडीएम मैडम द्वारा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई जिसमें एसआईआर 2025-26 से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, अतः इसमें पूर्ण पारदर्शिता और सटीकता बनाए रखी जाए।

---

# सिलिडीह में प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना का पट्टा वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत ग्राम पंचायत सिलीडीह में पट्टा का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद सदस्य थे। अध्यक्षता रुचि पेखन देवांगन सरपंच ने की। अन्य अतिथि रामबिशाल साहू उपसरपंच, टिकेंद्र चंद्राकर पटवारी, शेखुराम साहू सचिव, पंचगण देव जानी देवांगन, पूर्णिमा यादव, पूर्णिमा निषाद, संतोष निषाद, अर्जुन ध्रुव, गंगा महिलांगे, दुर्गा निषाद थे। कार्यक्रम में अतिथियों ने अपने विचार रखे। मौके पर लाभार्थी पेखनलाल देवांगन, कन्हैया दुबे, खिलेश्वर कंवर, भीखम कंवर, अमरसिंह यादव, तीजूराम देवांगन, समलिया निषाद, डेरहा निषाद, नीलकंठ जोशी, ललित दुबे उपस्थित थे।

---

# जीजामगांव में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण शुरू





हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

कमलघाटी परिवार जीजामगांव द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 9 से 17 नवंबर तक किया गया है। कलशयात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ हुआ। कथावाचक पंडित संतोष मिश्रा तर्री नवापारा राजिम हैं। परायणकर्ता देवेंद्र दुबे महाराज हैं। कथा दोपहर 1 से प्रारंभ हो रही है। कथा सुनने नूतन, प्रभुराम साहू, हेमलता, साधना, प्रदीप कुमार, युगमणी, हिमांशु साहू, गुलशन साहू, विनय कुमार, त्रिवेणी, गोपाल, पूर्णिमा, देवराज, लता, आनंद, तीजबती, तीरथ, योगेश्वरी, तोषण, तारिणी, मोहित, विभा, पुनेश्वर, लीना, ललित, निशा, तोरण, तरुणा साहू, देवकी साहू, रेवती राम्हू, गोदावरी, गोपाल, ओमलता, मोनेश देव, तरूणा, भूपेंद्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

---

# आधार अपडेट से संबंधित आवेदनों का हुआ त्वरित निराकरण



- गवर्नेंस ऑन व्हील्स पहल को लेकर दुगली में लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सरकार की महत्वपूर्ण ई-योजना गवर्नेंस आन व्हील्स मोबाइल सेवा शिविर में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने पायलट प्रोजेक्ट तहत नगरी विकासखंड को प्रथम प्राथमिकता दी। सोमवार 10 नवंबर को दुगली कलस्टर में शिविर लगाया गया।

शिविर में पहुंचे नगरी जनपद के सीईओ रोहित बोरझा ने बताया कि यह पहल सरकार की डिजिटल इंडिया की थीम है। कलेक्टर के निर्देशानुसार गवर्नेंस आन व्हील्स के लिए नगरी ब्लाक का चयन किया गया है जिसका उद्देश्य सरकार की सेवाओं को लोगों के घरों तक पहुंचाना है। यह एक मोबाइल प्लेटफॉर्म है जहां लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए एक स्थान पर उपलब्ध कराना है। मोबाइल व्हेन की आनलाइन सुविधा पर मांग पहचान पत्र आधार कार्ड , वोटर आईडी, जन्म एवं मृत्यु-प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, पेंशन और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ, सरकारी योजनाओं का सत्यापन, शिकायत निवारण पर जनता आवेदन कर सकते हैं।

दुगली पंचायत में लगाए गए शिविर में मुनईकेरा, जबर्रा, दुगली, कौहाबाहरा, गुहाननाला, बांधा, कोलियारी के ग्रामीणों ने आवेदन लगाए । इस दौरान 58 आवेदन जनता ने डिजिटल मोबाइल व्हेन के माध्यम से लगाए। आधार अपडेट से संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण भी हुआ।

शिविर के दौरान ग्रामीण एवं पंचायत विभाग के कर्मचारी बुधराम नेताम, मदन सेन, प्रीति दीवान, किरण वट्टी, देवदास, वीरेन्द्र साहू सहित स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग एवं अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

---

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवर ऑल बेस्ट परफॉर्मेंस का खिताब जीता

# हरियाणा प्रदेश में बजा सिहावा स्कूल का डंका

- घर वापसी पर छात्र-छात्राओं का हुआ जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा नेशनल कैंप का आयोजन हरियाणा में किया गया। जिसमें भारत देश के अलग-अलग 15 राज्यों के स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। इसमें छत्तीसगढ़ का नेतृत्व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावा ने किया। इस शिविर में हर प्रकार के एक्टिविटीज हुए। सैक रेस फॉर लैक रेस ऑक्टोपस रेस चैन रेस के साथ



बेस्ट एंकरिंग, ग्रुप डांस प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवर ऑल बेस्ट परफॉर्मेंस का खिताब सिहावा स्कूल ने जीता। उन्होंने छत्तीसगढ़ का नाम पूरे भारत में रोशन किया। इस कैंप में सिहावा स्कूल से 10 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। अंतिम दिवस खुले मंच में वहां के अधिकारी ने 15 राज्यों से पहुंचे स्वयंसेवकों से पूछा कि प्रथम, दूतीय स्थान कौन आया। 15 राज्यों से आए सभी स्वयंसेवकों ने कहा छत्तीसगढ़। इस तरह का छत्तीसगढ़ नाम पूरे भारत में गूंज उठा। छत्तीसगढ़ से इन बच्चों ने कार्यक्रम अधिकारी गोविन्द नारायण साहू, तारिणी अटल के नेतृत्व में अपना इतिहास बनाया। हरियाणा से लौटने पर छात्र-छात्राओं की सिहावा बसस्टैंड में बाजे-गाजे के साथ स्वागत किया।

इस अवसर पर शाला के प्राचार्य एसआर साहू ने कहा कि यह पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का पल है। पूरे भारत में छत्तीसगढ़ ने अपनी संस्कृति से अलग पहचान बनाई है। शिक्षिका नीलकमल ठाकुर ने कहा कि इस प्रदर्शन से नगरी विकासखंड गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

इस उपलब्धि पर एनएसएस अधिकारी डीके यादव, शिक्षक वेदराम सेन, दुष्यंत पुजारी, संजय शांडिल्य, हरीश साहू, हीरा मरकाम, पूर्णचंद यादव, हेमंत साहू, पीतेश साहू, प्रधान पाठक पवन कुमार, पूर्णेश्वर देव, योगमाया, योगिता देवांगन, पीलेश्वरी साहू, रश्मि यदु, नीतु जैन, दीक्षा चन्द्राकर ने हर्ष जताया है।

**खबर संक्षेप**

## अनुमोदित सूची 12 तक उपलब्ध कराने कहा

**धमतरी।** मुख्यमंत्री बैगा, गुनिया एवं हठजोड़ सम्मान योजना (अनुसूचित जनजाति) 2025 लागू की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि उक्त सम्मान योजना जनजाति बहुल ग्रामीण क्षेत्रों में वनौषधीय चिकित्सा संबंधी कार्य में संलग्न बैगा, गुनिया तथा हठजोड़ लोगों को परंपरागत चिकित्सा पद्धति जैसे वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति को प्रोत्साहन करने, उनकी सेवा और भूमिका को मान्यता देने के उद्देश्य से जनजातीय गौरव दिवस 15 नवंबर के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा किए गए घोषणा अनुरूप चिन्हित व्यक्ति को प्रति वर्ष 5 हजार रूपये सम्मान सह प्रोत्साहन निधि प्रदाय किए जाने का प्रावधान रखा गया है। सहायक आयुक्त ने सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों से अनुसूचित क्षेत्र के ग्रामों के बैगा, गुनिया तथा हठजोड़ जो कम से कम 30 वर्षों से अपनी सेवाएं स्थानीय क्षेत्र में दे रहे हैं तथा पीढ़ी दर पीढ़ी कम से कम 2 पीढ़ी से वनौषधीय चिकित्सा करते हों तथा वे पंजीकृत संस्था जैसे पादप औषधि बोर्ड, आयुष विभाग, वन विभाग एवं लघु वनोपज संघ से जुड़े हों, उनकी अनुमोदित सूची 12 नवंबर तक भेजने कहा है।

## दस मिनट देरी होने पर नहीं दे पाए परीक्षा

**कांकेर।** ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला के पदों पर भर्ती के लिए 9 नवंबर को भानुप्रतापदेव शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय कांकेर मैं परीक्षा केंद्र बनाया गया था। अभ्यर्थियों को परिक्षा केंद्र में दो घंटा पहले उपस्थिति देने के लिए सुनिश्चित किया गया था ताकि प्रवेश पत्र, पहचान पत्र व सीजी व्यापम से मिली निर्देशों के अनुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जा सके। कई अभ्यार्थी निधारित समय सीमा के 10 मिनट बाद परीक्षा केंद्र पहुंचे, जिन्हे बगैर परीक्षा दिलाए घर वापिस लौटना पड़ा। यह घटना उन सभी अभ्यर्थियों के लिए एक चेतावनी है, जो महत्वपूर्ण परीक्षाओं में शामिल होते हैं।

## कई ग्रामों में दो माह से पेयजल संकट

**दुर्गूकोंदल।** ग्राम पंचायत तराईघोटिया के आश्रित ग्राम रसोली, नागहूर और नेडगांव तथा समीपस्थ ग्राम पंचायत कलंगपुरी में बीते दो महीनों से पेयजल आपूर्ति ठप होने से ग्रामीण गंभीर समस्या का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि समस्या की जानकारी स्थानीय स्तर पर कई बार दी गई, लेकिन सुधार कार्य समय पर नहीं हो पाया। कांग्रेस की टीम ने प्रभावित गाँवों में जाकर ग्रामीणों से चर्चा की और पेयजल संकट की स्थिति की पुष्टि की। संबंधित विभागों ने आश्वासन दिया कि मशीनरी सुधार एवं जलापूर्ति लाइन की मरम्मत का कार्य 1 से 2 दिनों में पूरा कर दिया जाएगा।

## सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक भ्रमण के लिए हुए रवाना

**दुर्गुकोंदल।** आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत जिला के अति दुर्गम और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से चयनित 20 युवक एवं युवतियों का सातवां जत्था आज हैदराबाद (तेलंगाना) के लिए रवाना हुआ। प्रतिभागी युवा हैदराबाद में अन्य राज्यों से आए आदिवासी युवाओं के साथ रहकर खान-पान, रहन-सहन, परंपरा, लोक कला एवं सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों को प्रत्यक्ष रूप से जानेंगे। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोक नृत्य, पारंपरिक संस्कृति प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक संवाद सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

## जनजातीय गौरव दिवस 15 को मनाया जाएगा

**कांकेर।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहरदेव कांकेर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें जनजातीय संस्कृति, कला, व्यंजन, हस्तशिल्प एवं विकास प्रदर्शनी तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रदर्शन किया जाएगा।

ग्रामों के सर्वांगीण विकास के लिए कलेक्टर की सरपंचों के साथ हुई बैठक

# पर्यटन, रोजगार एवं मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले के ग्रामों के समग्र विकास को लेकर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में सरपंच संघ के पदाधिकारियों एवं जिलेभर के सरपंचों के साथ बैठक ली। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास, पर्यटन संवर्धन, रोजगार सृजन तथा मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर चर्चा की गई।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि ग्राम का वास्तविक विकास तभी संभव है जब वहां के लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध हो, पर्यटन की संभावनाओं का सदुपयोग हो तथा मूलभूत सुविधाएं सभी तक सहज रूप से पहुंचे। उन्होंने सरपंचों से आग्रह किया कि वे अपने ग्रामों की आवश्यकताओं एवं संसाधनों को ध्यान में रखते हुए ठोस विकास प्रस्ताव तैयार करें, जिससे योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि जिन ग्रामों में मुख्य मार्ग के निकट व्यावसायिक परिसर अथवा सार्वजनिक उपयोग की भूमि की आवश्यकता है, वहां प्रशासन द्वारा एनओसी एवं भूमि आबंटन की सुविधा प्रदान की जाएगी।

पंचायत सचिवों को इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नरहरा एवं माडमसिल्ली बांध क्षेत्र में पर्यटन समिति का गठन किया गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इसी तर्ज पर सिहावा, कर्णेश्वर, श्रृंगी ऋषि एवं संगम क्षेत्र में भी पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के प्रयास किए जाएंगे। पर्यटन स्थलों पर वाहन शुल्क से प्राप्त राशि का उपयोग स्थानीय विकास एवं रोजगार सृजन में किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके।

बैठक में विभिन्न ग्रामों के सरपंचों ने सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी, विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, पेयजल एवं पहुंच मार्ग से संबंधित समस्याएं रखीं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया तथा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामों में राजस्व भूमि की जानकारी एकत्र की जाए ताकि भविष्य में फूड पार्क जैसी परियोजनाएं स्थापित की जा सकें। साथ ही जहां राशन दुकान की दूरी अधिक है, वहां नई दुकानों की स्थापना की जाएगी।

कलेक्टर ने सामाजिक मुद्दों पर भी चिंता जताते हुए कहा कि नशा समाज को कमजोर करता है, इसलिए नशे की रोकथाम में पंचायत स्तर पर सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। अवैध कारोबार करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# डुबान क्षेत्र के 12 गांव के किसानों की समस्या का हुआ समाधान

- कलेक्टर जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं, जनदर्शन में मिले 110 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जनदर्शन में जिले के ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र से आए आम नागरिकों की समस्याएं, शिकायतें और मांगों को संवेदनशीलता के साथ सुना तथा त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र एवं प्राथमिकता से कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि आम लोगों को शीघ्र राहत मिल सके। जनदर्शन के दौरान अरौद डुबान, पटौद, हरफर, बरबांधा, सिलतरा, कलारबाहरा, पहारियाकोन्हा, पटेलगुड़ा, किशनपुरी, उरपुटी एवं कान्दरी के किसानों ने धान उपार्जन केन्द्र दूर होने की समस्या रखते हुए मोंगरागहन केन्द्र से वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने किसानों की मांग पर सहमति जताते हुए मोंगरागहन में वैकल्पिक धान खरीदी केन्द्र स्थापित करने की बात कही। धमतरी के रामसागर पारा निवासी श्रीमती नागेश्वरी साहू ने विधवा पेंशन और महतारी वंदन योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत की।



भैंसमुंडी स्थित संत कबीर मंदिर आश्रम के लखन दास ने आश्रम की भूमि के निजी उपयोग की शिकायत प्रस्तुत की, जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम कुरूद को मामले की जांच करने कहा। पंचायत करेली बड़ी में नल-जल योजना की राशि में अनियमितता की शिकायत पर भी कलेक्टर ने जांच कराने के निर्देश दिए।

ग्राम मल्हारी के गैंदलाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि दिलाने की मांग रखी। मेचका के मोहनलाल जालेश ने सूकर पालन के लिए आर्थिक सहायता की मांग रखी, जिस पर कलेक्टर ने विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने कहा।

जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, महतारी वंदन, सड़क निर्माण, विद्युत एवं भूमि विवाद से संबंधित कुल 110 आवेदन प्राप्त हुए। 1 नवम्बर 2024 से अब तक कुल 2869 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 2439 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है।

# शिक्षा, रोजगार और एकता को मजबूत करने पर दिया बल



- शाकंभरी महोत्सव में शामिल हुए सिहावा राज के पटेल समाज प्रमुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

छत्तीसगढ़ प्रदेश कोसरिया मरार पटेल समाज के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय सामाजिक महाकुंभ, परिचयमाला विमोचन, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, आदर्श विवाह एवं शाकंभरी महोत्सव का आयोजन बालोद जिले के संबलपुर (लोहारा) स्थित मिनी स्टेडियम में हुआ।

इस कार्यक्रम में सिहावा राज पटेल समाज के संरक्षक अमरसिंह पटेल, समाज राजा लतखोर पटेल, घुटैत नारायण पटेल, अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल, उपाध्यक्ष मोतीलाल पटेल एवं डामेश्वर पटेल, सलाहकार कुंजलाल पटेल, सचिव डिलेश्वर पटेल, कोषाध्यक्ष दिलीप पटेल, सहसचिव राकेश पटेल, युवा प्रकोष्ठ सिहावा राज के अध्यक्ष सियाशरण पटेल, उपाध्यक्ष राजू पटेल, न्याय समिति से लंकेश पटेल, पूर्व युवा अध्यक्ष प्रभाकर पटेल, युवराज पटेल, शरद पटेल, बृजलाल पटेल अध्यक्ष मारागांव सम्मिलित हुए। वक्ताओं ने समाज में शिक्षा, रोजगार और आपसी एकता को मजबूत बनाने पर बल दिया।

# राजमानस संघ के सम्मेलन में सालभर के कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया

- अर्जुनपुरी गोस्वामी बने पुनः अध्यक्ष, रघुपति संदेश पत्रिका का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



श्री राजमानस संघ का वार्षिक सम्मेलन 9 नवंबर रविवार को रुद्री में हुआ। दीप प्रज्ज्वलन संरक्षक पुरानिकराम साहू, सियाराम साहू, डोमार सिंह दादरा, शिवदयाल साहू, कोदूराम चंद्राकर, खूबलाल साहू, श्रीमती खिलेश्वरी किरण एवं अध्यक्ष अर्जुनपुरी गोस्वामी ने किया। रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।

डॉ भूषण लाल चंद्राकर मनोज कुमार साहू, सुरेन्द्र वैष्णव, परदेसी राम, डॉ मनोहर चक्रधारी, नरेन्द्र चंद्राकर, प्रेमलाल साहू सहित 24 लोगों ने रक्तदान किया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि डॉ रोशन उपाध्याय एवं अति विशिष्ट अतिथि अशोक पवार ने पौधरोपण कर उसके महत्व को रेखांकित किया। मंच संचालन डॉ जेएल देवांगन, योगेश्वर साहू एवं एनआर यादव ने किया। संरक्षकगणों ने मानस मंडलियों के प्रस्तुतिकरण पर चर्चा की। मुख्य अतिथि डॉ रोशन उपाध्याय ने श्री रघुपति संदेश पत्रिका का विमोचन किया। मुख्य संपादक डॉ भूषणलाल चंद्राकर ने श्री राज मानस संघ की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला।

अध्यक्ष अर्जुनपुरी गोस्वामी ने विभिन्न शक्ति केंद्र को मानस संघ के नियमानुसार अनुसार कार्य करने की प्रेरणा दी। सचिव डॉ जेएल देवागन ने वर्ष भर के कार्यों का समीक्षात्मक विवरण प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष दानीराम साहू ने वार्षिक आय व्यय का लेखा-जोखा पटल पर रखा। अतिथि द्वय अशोक पवार एवं डॉ रोशन उपाध्याय ने मानस के प्रसंगों पर चिंतन प्रस्तुत किया। तुलसी मानस प्रतिष्ठान के पूर्व अध्यक्ष गोपाल वर्मा ने श्री राजमानस संघ के कार्यों की सराहना की। सर्वसम्मति से अर्जुन पुरी गोस्वामी पुनः अध्यक्ष, सचिव डॉ जेएल देवांगन एवं कोषाध्यक्ष दानीराम साहू बनाए गए। आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष दानीराम साहू ने किया।

# मुजगहन का विज्ञान क्लब राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए चयनित



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जोन स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला का आयोजन जिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान कांकेर में आयोजित किया गया। कांकेर जोन अंतर्गत धमतरी, कांकेर, नारायणपुर जिले के प्रतिभागी सम्मिलित हुए। धमतरी जिले की ओर से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुजगहन के विज्ञान क्लब का चयन जोन स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया था। क्लब प्रभारी सुश्री परविंदर कौर गिल द्वारा क्लब की विभिन्न गतिविधियों का वर्णन तथा विज्ञान के विभिन्न वैज्ञानिक तथ्यों को सरल प्रयोग द्वारा दिखाया गया। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें विज्ञान क्लब में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर शाला के प्राचार्य नवीन साहू तथा स्टाफ ने हर्ष जताया है। 12 से 15 नवंबर जयपुर में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में जोन व जिले का प्रतिनिधित्व परविंदर कौर गिल करेंगे। विज्ञान क्लब के मार्गदर्शन, मॉडल निर्माण में शाला के जीव विज्ञान व्याख्याता श्रीमती किरण कमलवंशी, भौतिकी के व्याख्याता प्रमोद कमलवंशी, विज्ञान सहायक रविशंकर कौशिक, श्रीमती जयंती साहू, श्रीमती योगमाया देवांगन का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# जोन स्तरीय विज्ञान नाटक स्पर्धा में खरतुली स्कूल अव्वल

- स्वयंसेवकों ने गंदगी से उत्पन्न बीमारियों के दुष्परिणामों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली ने विज्ञान के क्षेत्र में अपनी रचनात्मक प्रतिभा और सामाजिक चेतना का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जोन स्तरीय विज्ञान नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय की यह उपलब्धि अब राज्यस्तरीय विज्ञान नाट्य स्पर्धा के लिए चयनित हुई है, जो 12 से 15 नवंबर तक जशपुर में आयोजित की जाएगी।

विद्यालय द्वारा प्रस्तुत नाटक स्वच्छता और स्वास्थ्य पर केंद्रित है, जिसमें अस्वच्छता, गंदगी और उससे उत्पन्न बीमारियों के भयावह दुष्परिणामों को अत्यंत प्रभावी ढंग से मंचित किया गया है। नाटक का लेखन एवं निर्देशन आकाश गिरी गोस्वामी द्वारा किया गया है। अभिनय में रेडक्रॉस स्वयंसेवक मायांशी साहू, वर्षा सिन्हा, मीनाक्षी साहू, लोकेंद्र साहू, झामेंद्र साहू तथा गगन विश्वकर्मा ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया ।

डिप्टी कलेक्टर बी इक्का, सीएमएचओ डॉ यूएल कौशिक, चेयरमैन प्राप्ति वासानी, वाइस चेयरमैन शिवा प्रधान, प्राचार्य टीआर नागवंशी, ज़िला सहसंगठक मनोज साहू,सरपंच उमेश्वर नेताम, उपसरपंच सुरेश सिन्हा, शाला विकास प्रबंध समिति के अध्यक्ष रोहित साहू, वरिष्ठ व्याख्याता नवीन कुमार खरे, सीडी रात्रे, मोनिका गोस्वामी, वाय. सिन्हा, भारती आर्या, डॉ. बीएल चंद्राकार, शोभना बनपेला, सतीश तुर्रे, अमित महोबे, नेहा मेहता, प्रतिमा यदु, संध्या ध्रुव, संजय कुमार सिन्हा, डायमंड गुरुपंचायन, एसबी. जायसवा, मंजुलता साहू, गिरधारी सिन्हा ने हर्ष व्यक्त किया।



## रेत खदान की होगी इलेक्ट्रॉनिक नीलामी

- कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आवेदनों की बिड ओपनिंग 13 को

**धमतरी।** खनिज रेत खदान की इलेक्ट्रॉनिक नीलामी रिवर्स ऑक्शन के माध्यम से की जाएगी। जिले के धमतरी तहसील अंतर्गत दो रेत खदान मुड़पार और तेन्दुकोन्हा के उत्खनन पट्टा आबंटन के लिए आवेदनों की बिड ओपनिंग 13 नवम्बर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुबह 10 बजे से की जाएगी। खनिज अधिकारी ने बताया कि संबंधित बोलीकर्ताओं को नीलामी के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के बाद प्राप्त ईमेल पावती एवं आधार कार्ड की प्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होना अनिवार्य है।

# बासीखाई को बाजार कुर्रीडीह उपार्जन केंद्र से जोड़ने की मांग

- अरौद डुबान में धान खरीदी की वैकल्पिक व्यवस्था करने किसानों ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कुकरेल तहसील के ग्राम बासीखाई के किसानों ने बाजार कुर्रीडीह के नवीन उपार्जन केंद्र से जोड़ने तथा अरौद डुबान क्षेत्र के किसानों ने धान खरीदी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की मांग कलेक्टर जनदर्शन में की है।

बासीखाई के किसान राजकुमार मरकाम, हेमलाल, सुरेश मंडावी, परसादीराम आदि ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि ग्राम बासीखाई से केरेगांव धान खरीदी केंद्र 11 किमी दूर है। यहां का रास्ता बुरी तरह से जर्जर है। आने-जाने के दौरान वाहन खराब होने सहित अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वहीं बासीखाई से दो किमी दूर नवीन धान खरीदी केंद्र बाजार कुर्रीडीह है। किसानों की समस्या को देखते हुए बासीखाई को बाजार कुर्रीडीह धान खरीदी केंद्र से जोड़ने की मांग की है। किसानों ने बताया कि इससे पहले तीन बार कलेक्टर के नाम आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हो सकी है।

### अरौद डुबान के आश्रित गांव में धान खरीदी की मांग

ग्राम पंचायत अरौद डुबान के किसान दयाराम मंडावी, घनश्याम, कुशलराम, सुकालू आदि ने कलेक्टर के जनदर्शन में कहा है कि ग्राम पंचायत अरौद डुबान अंतर्गत ग्राम अरौद, मरौद, हरफर, बरबांधा, सिलतरा, कलारबाहरा, पहारिया कोन्हा, पटेलगुड़ा, किशनपुरी, उरपुटी एवं कांदरी के किसानों की मांग है कि धान उपार्जन केंद्र मोंगरागहन केंद्र पहुंचने में किसानों को कई मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। गाड़ी किराया भाड़ा भी अत्याधिक देना पड़ता है। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष मोंगरागहन धान उपार्जन केंद्र से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अरौद पंचायत के आश्रित ग्राम पहारिया कोन्हा, पटेलगुड़ा में धान खरीदी की व्यवस्था दी गई थी। इस वर्ष भी पहारिया कोन्हा में धान खरीदी की वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है।

# हटकेशर में शिव महापुराण सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

- सोमवार को ऋषि दुर्वाशा अवतार, नंदी अवतार, भैरव अवतार की कथा सुनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हटकेशर स्थित अन्नपूर्णा सदन में आयोजित संगीतमय श्री शिव महापुराण के तीसरे दिन आचार्य टीकमशरण महाराज ने अपनी सुमुधुर वाणी में पिपलाद अवतार, नंदी अवतार, ऋषि दुर्वाशा अवतार, धनति कुबेर, भैरव अवतार तथा कामदेव की कथा सुनाई। दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक चलने वाले शिवमहापुराण को सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। 11 नवम्बर को यतीनाथ अवतार, शिवजी का रूद्र अवतार, प्रजापति दक्ष तपस्या, मां सती का प्रादुर्भाव, 12 को सती चरित्र, वीरभद्र अवतार, शिव पार्वती विवाह, 13 नवम्बर को कार्तिकेय जन्म, तारका वध, श्री गणेश जन्म, शिव पुत्रियों की जन्मकथा तथा 14 नवम्बर को त्रिपुर निर्माण, त्रिपुरासुर दमन, पूर्णाहुति, सतधरा स्नान, शोभायात्रा एवं भंडारा का कार्यक्रम होगा। संगीतमय श्री महाशिवपुराण कथा के आयोजनकर्ता रमेश कुमार देवांगन, श्रीमती अन्नपूर्णा देवांगन, आशीष देवांगन, श्रीमती एकता देवांगन, नारायण देवांगन, श्रीमती राशि देवांगन, श्रीमती कविता देवांगन ने श्रद्धालुओं से कथा का पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## धान के टोकन के लिए भटक रहे किसान



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कृष्ण कुमार मरकाम ने कहा कि राज्य में धान खरीदी की प्रक्रिया प्रारंभ होने के बावजूद किसानों को अब तक समय पर टोकन नहीं मिल पा रहा है जिससे पूरे प्रदेश के किसान परेशान और भटकने को मजबूर हैं। यह बीजेपी की डबल इंजन सरकार की असफलता को उजागर करती है। किसानों को धान बेचने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। श्री मरकाम ने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी, तब किसानों को समय पर टोकन, पारदर्शी व्यवस्था और खरीदी केंद्रों में सुचारू व्यवस्था दी जाती थी परंतु वर्तमान बीजेपी सरकार ने उस व्यवस्था को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। किसानों को समय पर टोकन नहीं मिलने से न केवल धान की खरीदी में देरी हो रही है, बल्कि किसानों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। कई जगहों पर किसान सुबह से शाम तक खरीदी केंद्रों के चक्कर लगाकर लौट रहे हैं, परन्तु टोकन नहीं मिल पा रहा।

## भाजपा सरकार में किसान परेशान : पवार



**धमतरी।** जनपद सदस्य एवं महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी प्रकाश पवार ने कहा कि प्रदेश में जब से भारती जनता पार्टी की सरकार आई है तबसे किसी न किसी तरीके से किसानों को प्रताड़ित करने का कार्य किया जा रहा है। पहले यूरिया, डीपी खाद का कृत्रिम संकट पैदा कर किसानों को भटकाया गया। कई किसान अधिक दर पर मार्केट से खाद खरीदने को मजबूर हुए। फिर एग्रीस्टेग के नाम से किसानों को दौड़ाया गया और अब टोकन न कट पाने से किसान परेशान हैं। अधिकांश किसानों के पास धान रखने की जगह नहीं होती। धान को खुले में ही रखना पड़ता है। मौसम और चोरी का डर हमेशा बना रहता है। इससे विष्णुदेव सरकार का किसान विरोधी चेहरा उजागर होता है।

## गौरव दिवस पर घर-घर जलेंगे दीप

**नगरी।** जनजाति गौरव दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा जनजाति मोर्चा द्वारा जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में दुगली में आयोजित कार्यशाला में जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेन्द्र नेताम एवं महामंत्री रामखिलावन कंवर ने बताया कि जनजाति गौरव दिवस इस वर्ष विशेष रूप से प्रत्येक जनजातीय क्षेत्र, हायर सेकेंडरी स्कूल, महाविद्यालय और जनजाति छात्रावासों में मनाया जाएगा। इस दौरान चौक-चौराहों एवं महापुरुषों की मूर्तियों की स्वच्छता और रंग-रोगन के साथ जनजातीय महापुरुषों के जीवन वृतांत पर व्याख्यान कार्यक्रम होंगे। कार्यशाला में संगठन की राजनीतिक भूमिका, जनजाति समाज की समस्याएं एवं उनके निराकरण के उपायों पर भी चर्चा की गई। मोर्चा के पदाधिकारी सोमवार को धमतरी से मुलाकात कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनजाति गौरव दिवस आयोजन के संबंध में चर्चा करेंगे और जनजातीय क्षेत्रों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी सौंपेंगे।

### सैकड़ों मकान आयकर के दायरे में, अब टैक्स चोरी नहीं चल पाएगी

# निगम में संपत्तियों का डिजिटल नक्शा तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम अब आधुनिक तकनीक के सहारे टैक्स व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। शहर की सभी संपत्तियों का डिजिटल सर्वे जीआईएस लगभग पूरा हो चुका है। इसके साथ ही निगम क्षेत्र के करीब हजार से अधिक मकान अब नए संपत्तिकर के दायरे में आ रहे हैं। अधिकारियों का दावा है कि इस परियोजना से नगर निगम की राजस्व आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और टैक्स वसूली पारदर्शी बनेगी।

नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार यह सर्वे वर्ल्ड बैंक परियोजना अंतर्गत किया गया है।




इसके तहत नई दिल्ली की कंपनी मेसर्स सीई इंफो सिस्टम लिमिटेड और टेक्जा सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से ड्रोन और डोर-टू-डोर सर्वे कराया गया। इसमें हर मकान, प्लॉट, दुकान और खाली जमीन का जीआईएस मैप तैयार किया गया है।

सर्वे के दौरान यह भी पता चला कि कई मकान मालिक पुराने रिकार्ड के आधार पर कम टैक्स दे रहे थे। अब इन सभी को अपडेटेड डाटा के अनुसार टैक्स देना होगा। निगम प्रशासन की माने तो तीसरे चरण में दावा-आपत्ति और सत्यापन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके बाद हर मकान को डिजिटल डोर नंबर और बारकोड दिए जाएंगे, जिनसे टैक्स रिकॉर्ड ऑनलाइन देखा जा सकेगा।

अधिकारियों का कहना है कि यह प्रणाली न केवल संपत्तिकर वसूली को सटीक बनाएगी, बल्कि भविष्य में शहर के विकास कार्यों के लिए भी मददगार साबित होगी। अब निगम के पास यह स्पष्ट डाटा होगा कि कहां सरकारी जमीन खाली है, कहां अतिक्रमण है और कौन सी संपत्तियां टैक्स के दायरे से बाहर रह गई हैं।

इस परियोजना के पूरा होने के बाद नागरिक अपनी संपत्ति से जुड़े सभी दस्तावेज और टैक्स विवरण ऑनलाइन पोर्टल पर देख सकेंगे। इससे स्वामित्व विवादों का समाधान, शहरी भू-प्रबंधन और आपदा प्रबंधन जैसे कार्य भी सरल हो जाएंगे। नगर निगम का यह कदम शहर को डिजिटल प्रशासन की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है , जहां हर संपत्ति का रिकार्ड अब एक क्लिक पर उपलब्ध होगा।

# स्वस्थ जीवन के लिए किया योगाभ्यास




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन सारंगपुरी में किया जा रहा है। प्रातः 6.30 बजे विदयार्थियों की पढ़ाई एवं स्वस्थ जीवन के लिए विशेष योगाभ्यास का प्रशिक्षण एवं योगाभ्यास कराया गया। परीक्षा के दौरान छात्रों द्वारा तनावमुक्त जीवन जीने की कला हेतु विभिन्न प्राणायाम, ध्यान, मेडिटेशन एवं आसनों का अभ्यास कराया गया। यह प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ योग आयोग से प्रशिक्षित योग शिक्षक उमराव साहू एवं श्रीमती उतरा सिंग गौतम द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में बच्चों एवं ग्रामीण सहित 60 लोगों ने अपनी उपस्थिति प्रदान किया। कार्यक्रम में रामकुमार यादव सरपंच, रामनारायण धीवर पंच समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। यह जानकारी शेष नारायण गजेन्द्र शिक्षक ने दी।

# स्तुति जैन को मिला मनोविज्ञान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक

- महाराजा सयाजी राव विश्वविद्यालय बड़ौदा में हुआ 74 वां दीक्षांत समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

महाराजा सयाजी राव विश्वविद्यालय बड़ौदा में 8 नवंबर को आयोजित 74 वें दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय में 15 हजार से अधिक विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। समारोह में अलग -अलग विषयों, संकायों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 200 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, विशिष्ट अतिथि गुजरात के उच्च शिक्षा मंत्री प्रद्युमन गनु वाजा, विश्वविद्यालय की कुलाधिपति राजमाता महारानी शुभांगिनी राजे गायकवाड़, कुलपति प्रो. बालचंद भानगे ने विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किया। धमतरी की बेटी स्तुति जैन को मनोविज्ञान विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन (प्रथम स्थान) के लिए स्व. प्रोफेसर टीके एन मेनन गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। स्तुति वयोवृद्ध भाजपा




नेता गजराज जैन की पौत्री तथा कविंद्र जैन की पुत्री है। स्तुति ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा टैलेंट पब्लिक स्कूल धमतरी से पूर्ण की। हायर सेकेंडरी मैनोनाइट इंग्लिश स्कूल से तथा स्नातक की पढ़ाई बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव महाविद्यालय से पूर्ण की। स्नातकोत्तर हेतु उसने महाराजा सयाजी राव विश्वविद्यालय बड़ौदा में खेल मनोविज्ञान विषय चुना और पूरे विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान विषय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उसे गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। समारोह पश्चात सभी गोल्ड मेडलिस्ट के सम्मान में कुलपति के आवास पर वीआर प्राउड ऑफ यू कार्यक्रम हुआ जिसमें गोल्ड मेडलिस्ट विद्यार्थियों एवं उनके पालकों ने कुलाधिपति राजमाता महारानी शुभांगिनी राजे गायकवाड़ से मुलाकात की। ज्ञात हो कि बिटिया स्तुति का चयन हाल ही में जमशेदपुर की ख्याति नाम नोएल टाटा हॉकी अकादमी के खेल मनोवैज्ञानिक के रूप में हुआ है। स्तुति ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर अपने नगर तथा प्रदेश का राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया।

# समाज के विकास कार्य, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, सामूहिक विवाह पर हुआ निर्णय





- मां अंगारमोती ट्रस्ट गंगरेल की बैठक में बनाई गई कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रविवार को आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट गंगरेल की बैठक ट्रस्ट कार्यालय परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट अध्यक्ष जीवराखन मरई ने की। बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित निर्माण एवं विकास कार्यों के बजट पर चर्चा की गई।

बैठक में आगामी क्वांर नवरात्रि के दौरान मां अंगारमोती मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की आवक-जावक व्यवस्था, सुरक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर भी विचार-विमर्श हुआ। इसके साथ ही पर्यटन विभाग को पूर्व में प्रेषित कार्ययोजना की प्रगति की समीक्षा की गई तथा वन विभाग द्वारा प्रस्तावित हर्बल गार्डन निर्माण योजना पर भी चर्चा की गई।

ट्रस्ट ने निर्णय लिया कि ज्योत जलाने वाले श्रद्धालुओं को आवश्यक मूलभूत सुविधा प्रदान की जाएगी। बैठक में ट्रस्ट के दो रिक्त पदों को भरने हेतु पंचायत लोकन्यास समिति को सूचना भेजने का भी अनुमोदन किया गया।

इसी क्रम में 16 नवम्बर को आयोजित होने वाले गोंड समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन को लेकर भी ट्रस्ट एवं समाज प्रतिनिधियों ने विचार-विमर्श किया। इस आयोजन को सफल बनाने ध्रुव गोंड समाज के मुड़ा क्षेत्र, परिक्षेत्र, तहसील एवं जिला स्तर के समाज प्रमुखों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य माधव सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष, जयपाल ठाकुर तहसील अध्यक्ष धमतरी, ललित ठाकुर तहसील अध्यक्ष कुरुद, ठाकुर राम नेताम तहसील अध्यक्ष भखारा, नारायण नेताम तहसील अध्यक्ष मगरलोड, सुरेंद्र ध्रुव तहसील अध्यक्ष नगरी, ट्रस्ट सदस्य छेदप्रकाश कौशिल, उदय नेताम, ढालू राम ध्रुव, देवानंद नेताम, ओंकार नेताम, शशि ध्रुव, गीता ध्रुव, नंदा ध्रुव, डॉ. एआर ठाकुर, नरोत्तम नेताम वरिष्ठ सलाहकार, वेदप्रकाश ध्रुव, भूमिका कोर्राम, रमि गौतम, चंद्रकला नेताम, बुधनतीन ध्रुव, अनीता ध्रुव, अर्जुन कोर्राम, मानसिंह ध्रुव, पुजारी तुकाराम नेताम,ओंकार नेताम, राधेश्याम नेताम, कृष्णा नेताम, संतोष ध्रुव, नरेन्द्र नेताम, दीपक नेताम, रोशन मरकाम, सोहन कुंजाम, हरिराम नेताम सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# कलार समाज ने मनाया दीपावली मिलन

- समाज ने सभी क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई : संतोष कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कलार समाज का तहसील स्तरीय दीपावली मिलन एवं सहस्त्रबाहु जयंती का आयोजन कलार समाज मंडल धमतरी के तत्वावधान में लोहरसी परिक्षेत्र के सहयोग से ग्राम मुजगहन में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होमेश्वर साहू सरपंच मुजगहन थे। अध्यक्षता संतोष कुमार सिन्हा मंडलेश्वर धमतरी मंडल ने की। प्रमुख अतिथि संजु कामता

सिन्हा प्रांत कोषाध्यक्ष महिला मंच, चन्द्रहास सिन्हा जिला अध्यक्ष, परमेश्वरी सिन्हा अध्यक्ष महिला मंच ज़िला धमतरी, धनेश्वरी साहू जिला पंचायत सदस्य, कीर्तन मीनपाल जनपद सदस्य थे। इस अवसर पर संतोष कुमार सिन्हा ने कहा कि कलार समाज आज हर क्षेत्र में अग्रणी है । चाहे वह व्यापार हो या शिक्षा, राजनीति क्षेत्र सभी क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। कलार समाज पूर्व से ही व्यक्तित्व निर्माण, सामाजिक उत्थान एवं जन जागरूकता पर विशेष ध्यान देता है। समाज की रीति नीति का संचालन





समाज के बने बायलाज कंडिका के आधार पर होता है। अन्य अतिथियों ने भी समाज के कार्यों पर प्रकाश डाला। मौके पर रामजी सिन्हा संरक्षक मंडल धमतरी, रामसेवक सिन्हा, गणराज सिन्हा, सीताराम सिंह, सीताराम गजेंद्र, हेमशंकर सिन्हा, अभिमन्यु सिन्हा, शशिकांत सिन्हा, दयाराम सिन्हा, भूपेश सिन्हा, केशव सिन्हा, विकास सिन्हा समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन मंडल सचिव यशवंत सिन्हा ने किया।

# पात्र हितग्राहियों को मिले योजना का लाभ



- प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना शिविर का आयुक्त, उपायुक्त ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने हेतु शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों का उद्देश्य पथ विक्रेताओं को योजनांतर्गत ऋण सुविधा उपलब्ध कराना एवं उनके आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

शिविर शहरी आजीविका मिशन कार्यालय नगर निगम धमतरी में आयोजित किए जा रहे हैं, जहां बैंक सहायता के साथ-साथ आवेदनों को ऑनलाइन ऑनबोर्ड किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक हितग्राही योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल एवं उपायुक्त पीसी सार्वा ने शिविर स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवेदन प्रक्रिया, हितग्राहियों को दी जा रही जानकारी तथा बैंक प्रतिनिधियों द्वारा की जा रही सहायता की समीक्षा की।

आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र हितग्राहियों को योजनात्मक लाभ शीघ्र उपलब्ध कराया जाए तथा शिविर में आने वाले प्रत्येक आवेदक को संपूर्ण जानकारी और आवश्यक सहयोग किया जाए। यह भी स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत सभी किस्तों का समय पर भुगतान अनिवार्य है। पिछली किस्त का पूरा भुगतान करने के बाद ही अगली किस्त स्वीकृत की जाएगी। हितग्राहियों से अपील की गई कि वे निर्धारित समय सीमा में किस्तों का भुगतान अवश्य करें ताकि उन्हें योजना का निरंतर लाभ मिलता रहे।

# कृषि उपज मंडी में धान की आवक 2500 रुपए तक पहुंचा भाव



- अच्छी कीमत मिलने से किसानों के खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

खरीफ सीजन की फसल कटाई के साथ ही जिले की कृषि उपज मंडियों में धान की आवक ने रफ्तार पकड़ ली है। श्यामतराई स्थित कृषि उपज मंडी में प्रतिदिन औसतन 700 से 800 कट्टा धान की आवक दर्ज की जा रही है। इस बीच बाजार में धान की कीमत में आई बढ़ोतरी से किसानों के साथ मजदूरों के चेहरे पर भी रौनक लौट आई है।

त्योहारों के बाद खाली बैठे मजदूरों को मंडी में काम मिलने लगा है। मंडी में आईआर-64 किस्म के धान का भाव 1800 से 2000 रुपये प्रति क्विंटल, सांभा किस्म का धान 2200 से 2300 रुपये प्रति क्विंटल और ओमश्री किस्म का भाव 2300 से 2500 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गया। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार धान की कीमत में यह बढ़ोतरी अगले कुछ दिनों तक बनी रह सकती है।

किसानों ने बताया कि इस साल मौसम अनुकूल रहने से धान की पैदावारी में सुधार हुआ है। किसान उदय साहू, संत साहू, सुखदेव निर्मलकर ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार बेहतर उत्पादन की उम्मीद है। हालांकि जिन क्षेत्रों में बारिश अधिक हुई, वहां कुछ फसल प्रभावित हुई है। जिले के लगभग 20 फीसदी किसानों ने अर्ली वैरायटी की फसल की कटाई पूरी कर ली है, जबकि लेट वैरायटी की कटाई 15 नवंबर से शुरू होने की संभावना है।

किसान पंचू नेताम, योगेश देवांगन और अशोक पटेल ने बताया कि उन्होंने समर्थन मूल्य के लिए पर्याप्त धान रखा है, जबकि अतिरिक्त धान को मंडी में बेच रहे हैं। मौसम में ठंडक और रात में पड़ने वाली शीत के कारण धान में नमी की समस्या बनी हुई है, जिससे बिक्री से पहले धान को सुखाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि अगर मौजूदा मौसम इसी तरह अनुकूल बना रहा तो आने वाले हफ्तों में मंडी में आवक और भाव दोनों में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

## विद्याभूषण के मनोरंजन गणित का मॉडल जशपुर के लिए चयनित

**मगरलोड।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड के कक्षा ग्यारहवीं का छात्र विद्याभूषण साहू के मनोरंजन गणित का मॉडल पश्चिम भारत विज्ञान मेला राष्ट्रीय विज्ञान सेमिनार 2025 राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जशपुर के लिए हुआ है। प्राचार्य पनेश कुमार सेन ने छात्र को कठिन परिश्रम करने और अनुशासित रहने की सलाह दी। मार्गदर्शक व्याख्याता जियाउद्दीन मुगल ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए।










